प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

15 जनवरी 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दैनिक परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी का आयोजन

वर्तमान और उभरती चलनिधि स्थितियों की समीक्षा के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि अगली सूचना तक मुंबई में सभी कार्य दिवसों पर परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी आयोजित की जाएगी, तथा उसका प्रत्यावर्तन अगले कार्य दिवस पर किया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित वीआरआर नीलामी का प्रत्यावर्तन अगले सोमवार या यदि सोमवार को मुंबई में छुट्टी हो, तो अगले कार्य दिवस पर होगा। नीलामी हर दिन पूर्वाहन 10:00 बजे से पूर्वाहन 10:30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

2. नीलामी की राशि का निर्धारण रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि की स्थिति के आकलन के आधार पर किया जाएगा और इसकी घोषणा रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से अलग से की जाएगी। इस तरह की पहली नीलामी 16 जनवरी 2025, गुरुवार को ₹50,000 करोड़ की राशि के लिए आयोजित की जाएगी।

3. अन्य सभी पात्र प्रतिभागियों के साथ-साथ एकल (स्टैंडअलोन) प्राथमिक व्यापारियों को भी इन नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी।

4. भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 20 जनवरी 2022 की प्रेस प्रकाशनी 2021-2022/1572 में दिए गए नीलामी के लिए परिचालन संबंधी दिशानिर्देश यथावत् रहेंगे।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1933